हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 दिसंबर 2025


07 ननावद पहुंचे सत्संगी सामूहिक गीता पाठ किया



08 एसआईआर के कार्य में जिला प्रथम आने पर...





## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ आज

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अधिष्ठान वीर भारत न्यास एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन मार्गशीर्ष शुक्ल मोक्षदा एकादशी, विक्रम संवत 2082 के पावन अवसर पर 1 दिसंबर को श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ श्री देव बृंदावन बाग मंदिर परिसर, सागर में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। इस आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन वीर भारत न्यास, विश्व गीता प्रतिष्ठानम एवं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् सागर द्वारा किया जा रहा है।

### देवरी विधानसभा क्षेत्र 100% हुआ डिजिटाइजेशन

**सागर।** सागर कलेक्टर के निर्देश का असर देवरी विधानसभा क्षेत्र के सौ प्रतिशत मतदाताओं के मतदाता गणना पत्रक का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी. आर. ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मुनव्वर खान सहित पूरी टीम को बधाई दी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी. आर. ने बताया कि देवरी विधानसभा क्षेत्र में 2,27,013 मतदाता थे, जिनका मतदाता गणना पत्रक का कार्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा निर्धारित समय-सीमा के पूर्व पूर्ण किया गया, जो बधाई के पात्र हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसी प्रकार जिले के अन्य सात विधानसभा क्षेत्रों में भी लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले का 100% डिजिटाइजेशन कार्य दो दिवस के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा।

### पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर द्वारा सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** कम्प्यूटर सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर द्वारा पुलिस अधीक्षक लवली सोनी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विभिन्न संस्थान में सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम 11 एमपी एनसीसी बटालियन ढाना में कैप कर रहें 450 कैडेट हेतु जागरूकता कार्यक्रम में कम्प्यूटर सुरक्षा एवं मोबाइल सुरक्षा के विषय में बताया साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से घटित सायबर अपराध एप सुरक्षा एवं रिपोर्टिंग पोर्टल के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी गई साथ ही बच्चों को वर्तमान में घटित सायबर अपराधों जिनमें बैंक फ्राड जॉब फ्राड यूपीआई फ्राड डिजिटल अरेस्ट के विषय में जानकारी दी गई कार्यक्रम में मनोज कुमार सिंह एस एम 11 एमपी एनसीसी बटालियन एवं प्रताप रंजन मोहती कमाडिंग आफीसर 11 एम पी एनसीसी बटालियन एवं एके सिंह फायर ट्रेनर स्वामी विवेकानंद विवि उपस्थित रहे काय्रक्रम में कमांडिंग आफीसर मोहती द्वारा वर्तमान में सायबर जागरूकता हर जन समान्य को होना बेहद जरूरी है एवं बताई गई जानकारी को अपने आसपास एवं परिवार में साझा करने का सुझाव दिया बच्चों ने बडी गंभीरता के साथ जानकारी प्राप्त की एवं प्रश्न भी किये उत्तर में समस्त जानकारी दी गई , इसके साथ ही साथ बाबूलाल ताराबाई इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विभिन्न विभागों में शिक्षा प्राप्त कर रहें लगभग 110 छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों हेतु सायबर जागरूकता कार्यक्रम में सायबर संबंधी अपराध एवं रिपोटिग पोर्टल की जानकारी दी गई एवं बचाव हेतु डू एन्ड डोंन्टस भी बताये गये कार्यक्रम में इंस्टीटयूट के प्रंसीपल वारीश फुस्केले एवं उनके सहयोगी शिक्षक एवं प्रध्यापक उपस्थित रहे। पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर की टीम में अफरोज खान निरीक्षक एवं आरक्षक मनीष पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

## मंडी सचिव को निलंबित करने के लिए नोटिस जारी

# भावांतर भुगतान योजना का फर्जी तरीके से लाभ लेने पर उत्तर प्रदेश के व्यापारी पर पुलिस कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

उत्तर प्रदेश के व्यक्ति द्वारा मंडी प्रांगण, सागर में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना का फर्जी तरीके से लाभ प्राप्त करने के प्रयास पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज कराई गई।

कलेक्टर संदीप जी. आर. को सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम अमन मिश्रा द्वारा कार्रवाई की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के निवासी द्वारा भावांतर योजना का गलत तरीके से लाभ लेने के प्रयास पर पुलिस द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसडीएम श्री अमन मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी. आर. द्वारा निर्देशित किया गया था कि जिले के सभी किसान भाइयों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो और पूरी पारदर्शिता के साथ भावांतर योजना के तहत सोयाबीन का विक्रय हो तथा पात्र किसानों को योजना का लाभ प्राप्त हो। इसी दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंडी प्रांगण, सागर में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत विक्रय हेतु आने वाले कृषकों की सतत निगरानी की जा रही है एवं पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इसी क्रम में 29-11-2025 को संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड, सागर आर.पी. चक्रवर्ती एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा भारसाधक अधिकारी मंडी, सागर अमन मिश्रा के नेतृत्व में मंडी गेट पर मंडी कर्मचारियों द्वारा की गई जांच के दौरान रानू जैन पुत्र राजकुमार जैन, निवासी मड़ावरा, जिला ललितपुर (उत्तर प्रदेश) ट्रैक्टर क्रमांक यूपी 94 ए जी 8347 से सोयाबीन की 160 बोरियां, जिन्हें योजना अंतर्गत फर्जी तरीके से लाभ प्राप्त करने हेतु नन्हे सिंह, निवासी रहली, जिला सागर के नाम से दर्ज कराने का प्रयास करते पाया गया। मौके पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर पुलिस थाना मोतीनगर में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई।



प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार, कृषि उपज मंडी समिति, सागर में ड्यूटी के दौरान मंडी प्रांगण प्रभारी एवं सहायक उपनिरीक्षक महेश सिंह राजपूत ने एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत में उल्लेख किया गया कि रानू जैन, पिता राजकुमार जैन, निवासी मड़ावरा, जिला ललितपुरने मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित सोयाबीन भावांतर योजना में फर्जी तरीके से लाभ लेने का प्रयास किया। जांच में पाया गया कि आरोपी ने स्वयं को मध्य प्रदेश निवासी कृषक बताकर, नाम-पता एवं वाहन नम्बर की गलत/ झूठी जानकारी देकर योजना का दुरुपयोग करने का प्रयास किया। आरोपी मंडी परिसर में लगभग 80 क्विंटल सोयाबीन वाहन क्रमांक यूपी 94 ए जी 8347 में भरकर विक्रय हेतु लाया था, जिसे आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार गौड़ द्वारा जब्त कर लिया गया। जब्त उपज को सुरक्षा की दृष्टि से मंडी परिसर में रखा गया है। मंडी समिति, सागर ने इस कृत्य को शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाने की नीयत से की गई धोखाधड़ी मानते हुए, मामले की सूचना 29 नवम्बर 2025 को थाना मोतीनगर, जिला सागर भेजी एवं बीएनएस धारा 318(4) के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ करने का अनुरोध किया। सभी आवश्यक दस्तावेज भी संलग्न कर दिए गए हैं। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता एवं पात्र हितग्राहियों के लाभ की रक्षा हेतु कठोर कानूनी कार्रवाई आवश्यक है।



### सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम महाराजा छत्रसाल प्रतिमा की छत्रसाया में हुआ संपन्न

**सागर।** नवंबर माह के इस अंतिम रविवार को महाराजा छत्रसाल प्रतिमा पर विजय टाकीज तिराहे पर प्रदेश युवक कांग्रेस पूर्व सचिव चैतन्य कृष्ण पांडे जी के करकमलो से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चैतन्य ने कहा कि वोट चोरो की असलियत भारत की भोली भाली जनता के सामने आ गयी है, एसआईआर चुनाव आयोग का लोकतंत्र तथा विपक्षी पार्टियों को खत्म करने का भयावह तथा सुनियोजित षडयंत्र है जो इस देश के इतिहास में कभी नहीं हुआ। एस आई आर मे आ रही विसंगतियां कम करने चुनाव आयोग को आगे आना चाहिये जिससे बी एल ओ पर बढते दबाव को कम किया जा सके। उन्होंने सेवादल परिवार को भी ध्वज वंदन का मौका देने पर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष बाबूसिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम के अंत मे पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रकाश जायसवाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये मौन रखकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम मे पार्षद सुरेखा राकेश राय, समीर खान, योगराज कोरी, प्रभात जैन, भैयन पटेल, दीनदयाल तिवारी, जगदीश दुबे, पकंज सिंघई, मुकेश खटीक, नितिन पचोरी, प्रीतम यादव, कल्लू पटेल, शालू सेंगर, कलीम पठान, उदय जाटव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, अमर श्रीवास्तव, ललित वाजपेयी, सुनील पप्पू मिश्रा, अमन चौहान, कासिम राईन, सुयश पांडे, गोपाल ठाकुर, मजहर हाशमी, कुंदन विश्वकर्मा, कुंजी लडिया, शंकर चौरसिया, प्रभात भंडारी, अनिल जैन, राहुल खटीक, नसरूद्दीन सिद्दीकी, मो. इकरार पठान आदि उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सागर के 75 किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**सागर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत परियोजना के तहत सागर जिले में चयनित 75 किसानों के लिए पहला क्षमता-वर्धन एवं परियोजना शुभारंभ कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह परियोजना पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर आधारित है, जिसका उद्देश्य किसानों को प्रोटेक्टेड खेती, आधुनिक तकनीक, और उच्च मूल्य वाली फसल उत्पादन प्रणाली से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रगतिशील किसान नंदकिशोर पटेल के खेत पर आयोजित उद्घाटन सत्र के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बड़ोले सर द्वारा विधिवत परियोजना गतिविधियों की शुरुआत की गई, जिसमें 20 से अधिक किसान प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे। नंदकिशोर पटेल के लिए नेट हाउस आधारित प्रोटेक्टेड बैंगन खेती का यह पहला अनुभव रहा, जिसमें वे 30,000 बैंगन पौधों का रोपण कर व्यवसायिक उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। कार्यक्रम में जिला उद्यानिकी अधिकारी ने नेट हाउस खेती के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पक्षों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने तापमान एवं आर्द्रता नियंत्रण, कीट-रोग प्रबंधन, वेंटिलेशन, सिंचाई सावधानियां, पोषक तत्व प्रबंधन, और मौसमीय प्रतिकूलताओं से फसलों को सुरक्षित रखने के उपाय समझाए। अधिकारियों ने बताया कि प्रोटेक्टेड स्ट्रक्चर में उत्पादकता, गुणवत्ता और बाजार-मूल्य अधिक मिलने की संभावना होती है, जिससे किसानों को लागत कम और मुनाफा अधिक प्राप्त हो सकता है। प्रशिक्षण सत्र से किसान उत्साहित नजर आए और उनमें नई तकनीकों को अपनाने का आत्मविश्वास बढ़ा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कृषि-उद्यानिकी टीम ने तकनीकी सहयोग, लॉजिस्टिक प्रबंधन और फील्ड कोऑर्डिनेशन सुचारू रूप से संपन्न कराया। इस अवसर पर आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले विकास, आरती, सूरज, कुणाल, रोहित, रितेश, अंकित, मयूर, रामेश्वर एवं पूरी खेती टीम को प्रशासन और किसानों की ओर से विशेष धन्यवाद दिया गया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से सागर जिले में प्रोटेक्टेड किसानों की आर्थिक उन्नति को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## जिले में बढ़ते अपराध बेलगाम जुआ सट्टा शराब के विरोध में कांग्रेस करेगी चरणवध आंदोलन

### 2 दिसंबर को सागर आईजी को दिया जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक आहूत की गई जिसमें तय किया गया सागर जिले में बढ़ते अपराध हत्या, कट्टर बाजी, अवैध शराब, जुआ सट्टा, के खिलाफ जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में सागर पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सोपा जाएगा।

बैठक में पूर्व विधायक सुनील जैन,पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, मुकुल पुरोहित, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश यादव ,रामकुमार पचौरी, प्रदीप गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष अध्यक्ष सिन्टू कटारे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू आदि ने शहर में बिगड़ी कानून व्यवस्था अवैध शराब, जुआ सट्टा, कट्टर बाजी, स्पा सेंटर के द्वारा शहर का जो माहौल बिगाड़ा जा रहा है उसके खिलाफ अपनी बात रखी व 2 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे पुलिस महानिरीक्षक सागर से मिलकर ज्ञापन सौंपने की बात कही

। बैठक में तय किया गया जिस तरह से पुलिस थानों के अंतर्गत अवैध गतिविधियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही अगर ज्ञापन के बाद शहर का माहौल नहीं सुधारा गया तो जिला कांग्रेस कमेटी आगे भी चरणबद्ध आंदोलन करेगी।बैठक में मुख्य रूप से पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, चैतन्य पांडे, जितेंद्र चौधरी, पार्षद शिव शंकर गुड्डू यादव, वसीम खान, वीरेंद्र राजे, हेमराज रजक, देवेंद्र वाल्मीकि, सुनील पावा, अलीम खान तज्जु, दीनदयाल तिवारी, कुंजीलाल लाडिया, धर्मेंद्र चौधरी, फहीम खान आदि उपस्थित थे।

### शिवसेना के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे मनी सिंग, संगठन विस्तार पर करेंगे चर्चा



**सागर।** बीते दिनों चनाटोरिया टोल प्लाजा पर गौ रक्षक आशीष दुबे पर हुए जानलेवा हमले के बाद शिवसेना ने मनी सिंग गुरोन की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान शिवसेना राज्य संगठक मनी सिंग गुरोन ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए लचर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। मनी सिंग गुरोन के शिव सेना में आते ही, शिवसेना में जोश भर गया है। शायद इसी उम्मीद से राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने मनी सिंग को शिवसेना की जिम्मेदारी सौंपी थी। जिस पर मनी सिंग खरे उतरते नजर आ रहे है। आगामी दिनों में मनी सिंग शिवसेना के मुंबई स्थित मुख्य कार्यालय में शिवसेना के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर शिवसेना की आगामी रूपरेखा पर चर्चा कर सकते है,जो सागर में शिवसेना के लिए बूस्टर का काम करेगा। शिवसेना लंबे समय से पप्पू तिवारी के नेतृत्व में सागर में जनहित के मुद्दों को उठाती रही है, लेकिन अब मनी सिंग के संगठन में जुड़ने से संगठन ज्यादा सक्रिय नजर आएगा।

### सोयाबीन के अवैध भंडारण पर व्यापारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देश पर सोयाबीन का अवैध भंडारण करने वाले व्यापारियों पर पुलिस कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किया गया। एसडीएमनवीन सिंह ठाकुर ने बताया कि उड़नदस्ता दल द्वारा कृषि उपज मंडी समिति शाहगढ़ के व्यापारियों की दुकान/गोदामों में भंडारित सोयाबीन उपज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कई फर्मों की दुकान/गोदामों पर सोयाबीन का अवैध भंडारण पाया गया, जिससे शासन द्वारा संचालित भावांतर योजना 2025 में दुरुपयोग की संभावना उत्पन्न होती है। उक्त अवैध भंडारण को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316, 318 सहित विभिन्न उपबंधों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। गुप्ता ब्रदर्स शाहगढ़, राघव ट्रेडर्स शाहगढ़, गुरुकृपा ट्रेडर्स शाहगढ़,गुरुदेव ट्रेडर्स शाहगढ़, नयन ट्रेडर्स शाहगढ़, सुपार्श्वनाथ ट्रेडिंग कंपनी शाहगढ़ पर एफआईआर की गई। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समस्त एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की सभी मंडियों की निरंतर जांच की जाए और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो और उनका उपार्जन नियमानुसार हो सके, यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।



### राकेश अग्रवाल भारतीय रेडक्रास सोसायटी मध्यप्रदेश के निर्विरोध प्रबंध कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित

**सागर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी मध्यप्रदेश की प्रबंध कार्यकारणी के चुनाव भोपाल में निर्वाचन अधिकारी भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की उपस्थिति संपन्न हुए जिसमें सागर का प्रतिनिधित्व करते हुए समाजसेवी राकेश रज्जन अग्रवाल को प्रदेश प्रबंध कार्यकारणी में निर्विरोध सदस्य निर्वाचित किया गया। मध्यप्रदेश रेडक्रास सोसायटी में अध्यक्ष पद पर पूर्व आईएएस डॉ श्याम सिंह कुम्हरे अध्यक्ष, वाइस चेयरमैन मनीष रावल एवं मानसेवी कोषाध्यक्ष पद पर दीपेश मेहता निर्वाचित हुए। निर्वाचन उपरांत तीनों पदाधिकारियों सहित प्रबंध कार्यकारणी सदस्यों को राजभवन में राज्यपाल महामहिम मंगु भाई पटेल ने शपथ दिलाकर बधाई देते हुए सभी सदस्यों से मानव सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छा कार्य आशा व्यक्त की। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव तरुण राठी, राज्यपाल के प्रमुख सचिव भार्गव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। राकेश रज्जन अग्रवाल को रेडक्रास सोसायटी मध्यप्रदेश का प्रबंध कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित होने पर डॉ जीएस चौबे, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, सचिव मोहन अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश चौबे, डॉ श्याम मनोहर सिरोठिया, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, डॉ राजेन्द्र चौउदा, डब्बू मुखारिया, अधिवक्ता अकेलेश्वर दुबे, राजेश पंडित, ओपी अग्रवाल, गीतेश अग्रवाल, अजय दुबे, सुधीर अग्रवाल, किशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आदि ने बधाई दी।

## हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान का आयोजन किया गया

# विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में चल रहे दो दिवसीय संविधान की गौरव गाथा का उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शिक्षा शास्त्र विभाग में संविधान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संविधान के इतिहास के विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान का आयोजन किया गया । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के शिक्षा शास्त्र विभाग के तत्वाधान में 24 एवं 25 नवंबर को 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान 'कार्यक्रम का आयोजन किया गया । 24 नवंबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।25 नवंबर को पोस्टर प्रदर्शनी और कार्यक्रम का समापन हुआ । स्वागत भाषण कार्यक्रम की संयोजिका डॉ अनूपी समैया ने दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल कुमार जैन ने छात्रों में संवैधानिक मूल्यों की समझ विकसित करने की बात कही। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनुपमा शर्मा ने संविधान की गौरव गाथा के संबंध में जानकारी बच्चों को प्रदान की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रानी दुबे ने बच्चों को इसी प्रकार से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नेहा साहू ,द्वितीय स्थान प्रेमलता कुमारी व हर्षित खरे, तृतीय स्थान शशांक नामदेव व रिया उमरे ने हासिल किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलिला समर्पिता द्वितीय स्थान शिवम कुमार और सबा हसन, तृतीय स्थान प्रत्यूष रंजन पात्रा व आंचल चढ़ार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका डॉ अनूपी समैया ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार माना। निर्णायक मंडल में डॉ योगेश पाल , श्रीमान योगेश सिंह रहे रहे, प्रदर्शनी का मूल्यांकन सम्माननीय मंच ने किया ।




कार्यक्रम में डॉ अखंड शर्मा, डॉ रमाकांत, डॉ अपर्णा श्रीवास्तव व छात्र मनीष, सोनल, शशांक, गायत्री, रंगनाथ, विपिन, राहुल तथा बड़ी संख्या में एम. एड . और बी.एड के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम आयोजन का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं कर्तव्यों को जन -जन तक पहुंचाना, संविधान की मूल भावना को समझना व उसके संरक्षण का संदेश देना था।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### पुराने मुकद्दमें में राजीनामा करने का बनाया दबाव, धमकाया

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी लक्ष्मन प्रसाद पुत्र बन्दू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 18 नवम्बर को रात करीब 10 बजे रात में थाना नाराहट के ग्राम डोंगराखुर्द निवासी सोनू पुत्र बन्दू उर्फ प्यारेलाल व मुख्यालय के ग्राम पनारी निवासी कल्लू पुत्र जगभान कुशवाहा और बिरधा निवासी देशराज पुत्र लालचंद्र एकराय होकर आये और दरवाजा खट-खटाने लगे। आरोप है कि पुराने मुकद्दमें को लेकर राजीनामा करने के लिए दबाव बनाते हुये उक्त लोगों ने गालियां दीं और राजीनामा करने से मना करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और चले गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### फसल की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत रहने वाले अशोक पुत्र कंछेदी अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीतीं 27 नवम्बर को शाम 5-6 बजे के बीच उन्होंने गांव के जूजू पुत्र बादरे अहिरवार से फसल मरने की बात कही थी और वह घर आ गया। आरोप है कि उक्त लोगों में जूजू पुत्र बादरे, जगदीश पुत्र जूजू, रचपाल पुत्र जूजू, पुक्खन पुत्र जूजू ने एकराय होकर उसके साथ व उसकी मां उमेदी पत्नी कंछेदी के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिसने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रचपाल अहिरवार पुत्र जुजे ने पुलिस को बताया कि वह घर पर था, तभी अशोक अहिरवार पुत्र कंछेदी आया और उसके व परिजनों के साथ गालियां देते हुये मारपीट करने लगा। बचाव करने आयी पत्नी के साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वाहन की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना पूराकलां के ग्राम नत्थीखेड़ा अंतर्गत मजरा नगलयाना में रहने वाले सुरेन्द्र पुत्र सीताराम यादव ने पुलिस को बताया कि 24 नवम्बर को उसका 19 वर्षीय पुत्र गुलशन मोटर साइकिल हीरो एक्सट्रीम नं. यू.पी.94 ए.सी. 8853 से अपने मामा के घर टपरियन जा रहा था। शाम करीब 5 बजे तेरई फाटक के आगे हाई-वे पर पीछे से आ रही टाटा मैक्सओन नं. एच.आर. 10 ए.टी. 5099 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि ग्राम तेरई टपरियन निवासी राजन सेन व अवतार यादव ने पीछे से आते हुये घटना को देखा और घायल को एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसके पुत्र गुलशन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महायज्ञ शिव कथा पुराण की कथा प्रारंभ

**ललितपुर।** ग्राम दैलवारा के गजेश्वर धाम रेल्वे स्टेशन रोड, में श्री शिवशक्ति पंच कुण्डात्मक महायज्ञ एवं संगीत मय शिव पुराण कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो गया है यज्ञकर्ता ऋषभ गिरी महाराज महन्त नर्वदेश्वर महाराज,नागा बाबा रामानंद ऋषभ गिरी, सोमनाथ मठ, नागा बाबा गौरीशंकर गिरी महाराज, परमानंद महाराज चित्रकूट,महंत मुक्तानंद, सुरेन्द्रानंद गिरी देवीमठ, महाकाल महाराज उज्जैन, बालकानंद महाराज मौनी बाबा आश्रम निम्माहेडा, यज्ञाचार्य पं राजेश दुबे जबलपुर, शिवमहापुराण कथा वाचक सुश्री जयेश्वरी देवी वृन्दावन धाम मुख्ययज भीष्मप्रतापसिंह बुंदेला गौलूराजा, रामसेवक पाल पारीक्षत, केहर सिंह बुंदेला, यशवंत सिंह,सोनू राजा, गोबरधन पाल, राम दयाल कुशवाहा, देशराज पाल,मदन पाल,अमर पाल, जगदीश कुशवाहा,इमारत कुशवाहा, आशा राम कुशवाहा, रामपाल सिंह, गोकुल शर्मा, अरविन्द सिंह आदि बड़ी संख्या में महिलाएं चल रही थी तत्पश्चात शिवपुराण कथा प्रारंभ हो गई।

---

## कैंप कार्यालय से राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी संपन्न

# कानून व्यवस्था को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने कैम्प कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी, जिसमे लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना-पत्रों, आईजीआरएस आदि की समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनपद में अपराधों की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं, पार्ट पीआई का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कर अभियोगों में वांछित, हिस्ट्रीशीटर, कुर्की अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, तामीला आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण व साक्ष्य परख तथ्यों के आधार पर उचित निस्तारण कराने, विवेचकों को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग करने तथा दौराने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के तहत अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कर पाबन्द कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया जाए

*एसपी ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया जाये एवं भवनों का निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण, शुचितापूर्ण व शीघ्र निर्माण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपराध पर नियंत्रण रखने हेतु सार्वजनिक, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर समुचित पुलिस प्रबंध, गस्त कर सतर्क दृष्टि रखने के संबंध आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपह्रत, गुमशुदा की सकुशल अति शीघ्र बरामदगी के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आईजीआरएस के सम्बन्ध में समीक्षा कर, पेंडिग आईजीआरएस का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें। लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी, झपटमारी के अपराधों से सम्बन्धित जो अपराधी जमानत से बाहर है। उनका समस्त क्षेत्राधिकारी भौतिक सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा आदि अवैध कार्य किसी भी दशा में जनपद में न हो सकें।*

---

## श्रम सेवा राज्यमंत्री पहुंचे

# एसआईआर गहन परीक्षण अभियान में किया संपर्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गृह जनपद ललितपुर के ब्लॉक बिरधा के अंतर्गत श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने अपने विधानसभा महरौनी के मंडल पाली के सेक्टर मादौन धौर्रा में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ संख्या 412 बमोरी पठार बूथ संख्या 415, 416 जहाजपुर बूथ संख्या 417 धौर्रा एवं बूथ संख्या 420, 421 पिपरई में मतदाताओं से जन सम्पर्क कर फार्म भरने का अनुरोध किया । उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आप यह मान कर चलें कि पुरानी मतदाता सूची लगभग शून्य हो कर पुनः नयी मतदाता सूची वन रही है इसलिए हर मतदाता को पुनः फार्म भरने की गहन अनिवार्यता है। उन्होंने वी एल ओ से भी उनके कार्य सम्बंधित जानकारी ली और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी अपने फार्म भर कर वी एल ओ को भरपूर सहयोग देने की अपील की । उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सब लोग मतदाताओं से घर घर जाकर सम्पर्क करें और उनसे जल्द से जल्द वोटर फार्म भर कर वोटर वनने की अपील करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे आमजन को अधिक से अधिक मतदाता वनने को प्रेरित करें। इस अवसर पर उनके साथ पाली मण्डल अध्यक्ष बृजेश सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, विनोद मिश्रा, धर्मेन्द्र राजा गोना, रवीन्द्र राजा परमार, बाबीराजा महोली आदि उपस्थित रहे।

---

## जालौन के कार्यक्रम में हुए सम्मानित

# रक्तदान जागरूकता की मिसाल बने प्रिंस राठौर व राधिका तिवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार सक्रिय रहने वाले समाजसेवी प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी को जालौन के मानपुरा (छौना) में आयोजित वीर कुंवर जनकल्याण सेवा फाउंडेशन के प्रथम वार्षिकोत्सव के सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। प्रगति रक्तदान सेवा समिति अध्यक्ष प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी लंबे समय से रक्तदान आंदोलन को बढ़ावा देने, लोगों को प्रेरित करने और सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके निरंतर प्रयासों और योगदान को देखते हुए संस्था की ओर से दोनों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रगति रक्तदान सेवा समिति के अध्यक्ष प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी लंबे समय से रक्तदान आंदोलन को बढ़ावा देने, लोगों को प्रेरित करने और सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके निरंतर प्रयासों और योगदान को देखते हुए संस्था की ओर से दोनों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संस्था ने बताया कि समाज के उन लोगों को सम्मानित करना उनका उद्देश्य है, जो बिना किसी स्वार्थ के जनहित में विशेष योगदान दे रहे हैं। इस दौरान प्रदेश की 51 अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। ग्रामीणों और आगंतुकों ने प्रिंस राठौर और राधिका तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से रक्तदान अभियान को नई दिशा और ऊर्जा मिली है।

---

## जीआरपी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# छत्तीसगढ़ से गहने, प्रयागराज एक्सप्रेस से मोबाइल ले उड़े चोर

**ललितपुर।** तालबेहट थानान्तर्गत पुराना बार तिराहा बांसी निवासी रंजना पुलैया पत्नी भैयालाल पुलैया ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 नवम्बर को वह ट्रेन नं. 18238 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के जनरल कोच में अपने परिवार के साथ ललितपुर से भोपाल की ओर यात्रा कर रही थी।

यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के आकर खड़ी थी और वह ट्रेन में बैठ गयी। बताया कि ट्रेन में जाकर उसने अपना पर्स देखा तो वह नहीं था। बताया कि यश ज्वैलर्स लिखा हुआ उसका छोटा पर्स गायब था। काफी खोजबीन करने पर भी पता नहीं चला। पर्स में सोने की चार चूड़ी कीमत 24 हजार रुपये, एक सोने का हार कीमत करीब 24 हजार रुपये, 5 ग्राम की अंगूठी कीमत 6 हजार रुपये व 2 जोड़ी चांदी की पायल कीमत 25 हजार रुपये, बिछुड़ी 3400 रुपये, सोने के टॉप्स कीमत 15 हजार रुपये कुल सामान 1 लाख 37 हजार 400 रुपये का सामान चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर बांदा जिला के थाना चिल्ला अंतर्गत ग्राम डिघवट निवासी करन पुत्र जयपाल ने जीआरपी पुलिस को बताया कि 29 अक्टूबर को वह ट्रेन सं. 14116 प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में बांदा से उज्जैन की यात्रा कर रहा था।

यात्रा के दौरान उसने ललितपुर आने के पहले अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाकर बाशरूम चला गया। वापस आने पर उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था। उसने कोच में काफी तलाश किया, लेकिन फोन नहीं मिला। मोबाइल की कीमत करीब 18500 रुपये थी और फोन में सिम डली थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

---

## सैनिक बंधुओं की डीएम ने सुनी समस्याएं

# प्रकरणों से संबंधित विभागों के अफसरों को निस्तारण के लिए आदेश दिया



**ललितपुर।** सैनिक बन्धु बैठक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उपस्थित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों की समस्याओं की सुनवाई सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जिसे का अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया ने जिलाधिकारी एवं विभागों से आये अधिकारियों / प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। जि.से.क.अधिकारी ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं से भूतपूर्व सैनिको, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं आश्रितो को अवगत कराया। जिलाधिकारी को पिछली सैनिक वन्धु बैठक में आई शिकायते लम्वित / निस्तारण के बारे में अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को सभी दसतावेजों के सहित अपने कार्यालय में बुलाया एवं लम्वित प्रकरणों से सम्वन्धित विभागों के अधिकारियों को अतिशीघ्र निस्तारण का आदेश दिया एवं सभी भूतपूर्व सैनिकों को जल्दी समस्या समाधान हेतु भरोसा दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिको, आश्रितों एवं उनकी विधवाओं को सैनिक बन्धु बैठक में आकर अपनी समस्यायों से अवगत कराये एवं उन्होने आश्वासन दिया कि समस्यायों का निस्तारण, समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

---

## एलजेपी (आर) का 25 वां स्थापना दिवस मनाया

# गोलू ठाकुर ने पार्टी के कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**ललितपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का स्थापना दिवस शनिवार को जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यालय में जिला प्रभारी गोलू ठाकुर के आगमन ने कार्यकर्ताओं का जोश दोगुना कर दिया।



जिला प्रभारी ने पार्टी के संघर्ष से लेकर सफलता तक की यात्रा का प्रेरक प्रसंग कार्यकर्ताओं से साझा कर पार्टी के विस्तार और प्रगति का रोडमैप तैयार किया। जिलाध्यक्ष ओमी राजा ने पार्टी को मजबूत करने हेतु कुछ सूत्रों का विवरण दिया। ओमी राजा ने कहा कि पार्टी सभी समाज, वर्ग, जाति और शोषितों को साथ लेकर चलने का मत रखती है। पार्टी में सभी कार्यकर्ता समान हैं और हम सबको मिलकर स्व.रामविलास पासवान के देखे गए सपनों को पूरा करना है। महामंत्री शैलेन्द्र सिन्हा ने पार्टी की सदस्यता को बढ़ाने और समाज के निचले से उच्च स्तर तक के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता को जताने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पार्टी नए जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ेंगी जिससे पार्टी सफलता का नया आयाम तय करेगी। जिला प्रभारी पार्टी संस्थापक स्व.रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। नगराध्यक्ष बृजेश जैन बलची ने प्रत्येक कार्यकर्ता को नए नए सदस्य पार्टी से जोडने हेतु जन जन तक पार्टी के उद्देश्यों को फैलाने पर जोर दिया। अंत में महिला प्रकोष्ठ ने गोलू ठाकुर का सम्मान किया। एलजेपी (आर) कार्यकारिणी सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। पार्टी कार्यालय में सदस्यों, ब्लॉक कार्यकारिणी, नगर कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ सदस्यों को जिलाध्यक्ष ओमी राजा ने आभार जताया।

---

# 8वें वेतन आयोग में अन्य लाभों को शामिल करें

**ललितपुर।** केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रिफरेंस में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशन की समस्याओं को शामिल किये जाने की मांग की गयी है। इस सम्बन्ध में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोशियेशन ने जिलाध्यक्ष जे.के.सिंह ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। बताया कि केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन विषयक भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) के संकल्प पत्र 3 नवम्बर को देखते ही देश के पेंशनरों में निराशा एवं क्षोभ व्याप्त हो गया है। इसका मुख्य कारण पूर्व में अभी तक गठित केन्द्रीय वेतन आयोगों के विषय बिन्दु में पेंशनरों




की पेंशन एवं अन्य लाभों का संदर्भ शामिल रहता है, परन्तु मौजूदा आठवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र में इस विषय को छोड़ दिया गया है। पूर्व अनुभवों को साझा करते हुये अवगत कराया कि वेतन आयोगों के गठन के इतिहास से पहली बार ऐसा हो रहा है कि वेतन आयोग की अनुशंसाओं को लागू करने की तिथि के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन पुनरीक्षण को वेतन आयोग के दायरे से बाहर कर दिया गया है। आपका कार्यकाल प्रारंभ होने के कुछ ही समय पहले गठित सातवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र 28 फरवरी 2014 के पैरा च में स्पष्ट रूप से पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य लाभों को वेतन आयोग के दायरे में लाया गया है। समस्याओं के निस्तारण की मांग उठायी है। जिलाध्यक्ष जे.के.सिंह, सचिव ए.आर. रिछारिया के अलावा लोग मौजूद रहे।

---

## फरियादी गंभीर रूप से घायल

# फसल में पानी देकर वापस आ रहे किसान पर किया हमला

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कल्यानपुरा के मजरा रामनगर निवासी कामता अहिरवार पुत्र हल्लू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 27 नवम्बर को अपने खेत पर पानी लगाने फसल में गया था। वह पानी लगाकर घर वापस आने के दौरान रास्ते में शाम करीब 7 बजे मजरा के ही रहने वाले भैरों पुत्र जानकी अहिरवार, रामसिंह पुत्र किस्सा, हरी पुत्र जानकी, भागवती पत्नी हरी ने एकराय होकर बिना कारण गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोरगुल होने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बेटना स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी

पाली थानान्तर्गत ग्राम बंगरिया में रहने वाले अंकेश पुत्र आशाराम कुशवाहा ने नाराहट पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 24 नवम्बर को शाम करीब 5 बजे वह ग्राम बेटना से नाराहट बाजार में आया हुआ था। वह अपने भाई विनोद कुमार की मोटर साइकिल से आया हुआ था। बताया कि उसने मोटर साइकिल को बेटना स्टेण्ड पर खड़ी कर दी और सामान लेने लगा। वापस आया तो उसने देखा कि उसकी बाइक मौके से गायब थी। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली।

---

## जिला पौधारोपण व पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जन-जागरूकता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विकास भवन में सीडीओ की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उपप्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र सिंह तोमर ने विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गयी कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध, जन जागरूकता एवं जुर्माने की कार्यवाही पर चर्चा की गयी। ईओ नगर पालिका को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस वर्ष किये गए पौधारोपण की त्रमासिक जीवितता प्रतिशत पर चर्चा करते हुए सम्बंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि सूचना दो दिन के भीतर प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। बैठक में वर्ष 2025 में कराये जाने वाले वृक्षारोपण की जियो टैगिंग पर चर्चा करते हुए सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि



उक्त कार्य दो दिन में पूर्ण कराते हुए सूचना प्रेषित करें। मुख्यमंत्री की द्वारा सतत विकास की अवधारणा से जनमानस को जोडने हेतु सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों में ग्रीन चौपाल के गठन पर चर्चा की गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि जनपद की सम्पूर्ण ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपाल का गठन किया जा चूका है एवं शासनादेश अनुसार माह के तीसरे शुक्रवार को चौपाल का आयोजन कराया जाना है। बैठक प्रदेश में वृहद् वृक्षारोपण 36 करोड़ पौधरोपण हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार की जाने वाली माइक्रोप्लान पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त विभाग ग्राम पंचायतवार ग्रीन चौपाल के माध्यम से समय योजना तैयार करते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करेंगे एवं सूचना प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि सूचना पीएमएस पोर्टल पर अपलोड की जा सके। बैठक में पराली प्रबंधन पर चर्चा हुए अवगत कराया गया कि इस वर्ष पराली जलाने के एक भी प्रकरण सामने नही आया है। जनपद में स्थानीय निकायों से जनित नगरीय ठोस अपशिष्ट एवं समस्त राजकीय व निजी स्वास्थ्य केन्द्रों/अस्पतालों तथा पशु चिकित्सालयों से जनित जैव अपशिष्ट के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं मानक अनुरूप निस्तारण के निर्देश दिए गए। बजाज पॉवर प्लांट में जनित फ्लाई एश के निस्तारण की समीक्षा की गयी एवं क्षेत्रीय अधिकारी, उशप्रश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मानक अनुरूप निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिला गंगा समिति की बैठक में मडावरा ब्लाक की बंडई नदी के पुनरुद्धार हेतु समिति गठित कर निरीक्षण एवं योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। प्रवाहित नालों की मैपिंग,टैपिंग स्क्रीन इंस्टालेशन एवं फाईटो रेमेडियेशन पर चर्चा करते हुए ईओ नगर पालिका एवं अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

### भोपाल के पास हुए सड़क हादसे में श्योपुर के 4 लोगों की मौत

# एक साथ एंबुलेंस से श्योपुर पहुंचे चार शव तो मच गया कोहराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रविवार की देर शाम को उस समय श्योपुर जिला मुख्यालय पर कोहराम मच गया जब चार शवों को लेकर एम्बुलेंस श्योपुर पहुंची। शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में श्योपुर के चार लोगों की मौत हो गई थी जिनमें से दो बगवाज के एक बालापुरा और एक युवक श्योपुर की किला बस्ती का रहने वाला था। बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन ने बताया कि शनिवार रात्रि दो कारों के बीच हुई आमने सामने की टक्कर से हादसा हुआ है। बैरसिया के पिपलिया हसनाबाद गांव के पास अर्टिगा और महिंद्रा की एक्सयूवी 300 वाहनों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत हुई। इसमें अर्टिगा वाहन में सवार 4 युवकों की मौके पर मौत हो गई। जबकि, एक युवक गंभीर रूप से घायल है।

मृतकों के नाम खालिद, अनीस, साजिद और नवेद हैं। चारों भोपाल में एक समारोह से वापस लौट रहे थे। दूसरी कार ड्राइव कर रहे सचिन दांगी निवासी सीहोर भी एक शादी में शामिल होने के बाद वापस लौट रहा था। दिन में करीब 2:00 के बाद पीएम के बाद पुलिस ने शव परिचितों को सौंप दिए जिन्हें एंबुलेंस में रखवा कर श्योपुर पहुंचाया गया। रविवार देर शाम को जैसे ही एंबुलेंस श्योपुर पहुंची, परिचितों में कोहराम मच गया। देर रात चारों मृतकों को ईदगाह वाले कब्रिस्तान में सुपुर्द ए ख़ाक किया गया।



### धार्मिक बैठक से लौट रहे थे मृतक

जिन चार लोगों की मौत हुई है वह सभी 50 साल से कम उम्र के नौजवान थे जिनमें मुस्लिम शिक्षाविद् मौलाना अनीस बालापुरा में मदरसा संचालित करते थे। खालिद मोहम्मद एवं साजिद मोहम्मद बगवाज निवासी थे जो तब्लीगी जमात से जुड़े हुए थे। परिजनों ने बताया कि वह भोपाल में हाल ही में आयोजित हुए आलमी तब्लीगी इज्तिमा के संचालन की समीक्षा बैठक में शामिल होने भोपाल पहुंचे थे और नावेद अली कार को ड्राइव कर रहे थे। जबकि कार में सवार एक ओर युवक रफ़ाक़त गौरी किंग बालापुरा सवार थे, जो हादसे के दौरान गंभीर हालत हो गए थे,जिन्हें बैरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।









### देर रात लगा कब्रिस्तान में लोगों का हुजूम

जिन लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है वह सामाजिक और धार्मिक कार्यकर्ता थे उनका लगातार लोगों से जुड़ाव होने के चलते बड़ी संख्या में परिचित रिश्तेदार उनकी मातम पुरसी के लिए घरों पर पहुंच गए। हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ कब्रिस्तान में पहुंच गई एक साथ चार जनाजे (अर्थी) कब्रिस्तान में देख लोगों की आंखे भर आई।

### डीएफओ और एसडीएम ने गांधी सेवा आश्रम पर ऊमरी के आदिवासियों के साथ किया संवाद

# आदिवासियों के साथ समन्वय बैठाकर करेंगे भूमि विवाद का निराकरण:डीएफओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



ग्राम ऊमरी के आदिवासियों की जमीन पर वन विभाग द्वारा बाउंड्री का निर्माण कर उन्हें खेती से बेदखल कर दिया गया है जिससे उनके सामने जीवन यापन का संकट पैदा हो गया है। वन विभाग उन्हें मुआवजा देने को तैयार है पर आदिवासी जमीन के बदले जमीन चाहते हैं। जिसके कारण काफी समय बीत जाने के बाद भी उनकी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। इस समस्या का स्थाई निराकरण संबंधित आदिवासियों के साथ समन्वय स्थापित कर करेंगे। यह बात डीएफओ कूनो आर थिरूकुलर ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कही।

महात्मा गांधी सेवा आश्रम पर आयोजित हुई बैठक के बारे में जानकारी देते हुए आश्रम के व्यवस्थापक जयसिंह जादोन ने बताया कि विजयपुर के ग्राम उमरी खुर्द झनकापुरा के 50 परिवार के महिला पुरुष बैठक में शामिल हुए जिनकी जमीन कुनो सेंचुरी में अधिग्रहण हो गई है लेकिन उनको कोई मुआवजा आज तक नहीं मिला और ना ही उनको खेती करने दी जा रही है इस मामले को लेकर के इस गांव के सभी आदिवासी लगभग एक बर्ष में 10 बार जिला प्रशासन से संपर्क कर चुके हैं लेकिन उनको न्याय नहीं मिल रहा है। इस कारण रविवार को सभी गांव के लोग अपना आटा लकड़ी बांधकर के श्योपुर आश्रम पर पहुंचे जहां बे कल से कलेक्टर कार्यालय पर अपना डेरा डालने का मन बनाकर आये है।

रविवार होने के कारण ऑफिस बंद होने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा की दखल के बाद यह तय किया कि गांधी आश्रम में ही आकर के सभी लोगों से मौके पर संवाद स्वयं डीएफओ और राजस्व प्रशासन की तरफ से एसडीएम बात करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे डीएफओ कूनो और एसडीएम बीपी श्रीवास्तव के साथ सम्वाद गांधी आश्रम के सभागार में शुरू हुआ इस सम्वाद में एकता परिषद के रामदत्त तोमर व समाजसेवी कैलाश पाराशर भी उपस्थित रहे। जिसमें झनकापुरा के दयाल आदिवासी सीताराम आदिवासी तोरण आदिवासी सरोज आदिवासी बिमला आदिवासी सहित सभी ने सम्वाद में भाग लिया और बताया कि हमे हमारी जमीन से खेती करने से रोकने पर फसल का मुआवजा व जमीन के बदले जमीन ही चाहिए तथा पूर्व से शासकीय भूमि पर काबिज होकर अपने बाल बच्चे पाल रहे है उन्हें भी जमीन दी जाए। इस दौरान डीएफओ ने सम्वाद के दौरान बताया कि इससे सम्वन्धित प्रकरण कलेक्टर श्योपुर के यहां प्रचलित है जिस पर कलेक्टर से चर्चा कर कमेटी का गठन किया जायेगा तथा जिसमे मुआवजा सम्वन्धित सभी आपके सुझावों पर विचार विमर्श किया जाएगा

# महिला एवं बाल विकास मंत्री से मिले तिवारी रखी श्योपुर में शिशु बाल गृह खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के समाजसेवी हनुमान तिवारी ने भोपाल पहुंचकर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया से मुलाकात की और उन्हें बाल अधिकार एवं महिलाओं के अधिकारों के संबंध में पत्र देकर अवगत कराया और श्योपुर जिले में शिशु ग्रह बाल गृह एवं बालिका गृह सुधार गृह खोले जाने की मांग रखी।



# ग्राम ओछा में बोरी बंधान कर ग्रामीणों को दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जनअभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए ग्राम ओछा में गांव के बाहर बहने वाले प्राकृतिक नाले पर बोरी बंधान किया गया। इस अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह, विकासखंड समन्वयक शाहीन परवीन, ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण दक्खो बाई, कल्लो बाई, रूपकला, हल्की बाई, सोनेराम आदिवासी, कल्ला आदिवासी, सोनम जंगम, हल्के आदिवासी विजय सिंह आदिवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

म.प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड विजयपुर जिला श्योपुर की नवांकुर संस्था श्री भोलेनाथ समग्र विकास समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम ओछा द्वारा श्रम दान कर ग्राम के बाहर बहने वाले नाले पर पानी को रोकने हेतु बोरी बंधान बनाया गया।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह एवं विकासखंड समन्वयक शाहीन परवीन द्वारा बताया गया कि,जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के 313 विकासखंडों में जल संरक्षण के लिए जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान,चौपाल कर जल बचत का संदेश ग्रामीणों को दिया जा रहा हैं। नवांकुर संस्था प्रतिनिधि श्रीनिवास शर्मा ने बताया कि जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के लिए जागरूक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# ननावद पहुंचे सत्संगी सामूहिक गीता पाठ किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गीता जयंती महोत्सव के पुनीत उपलक्ष्य में सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम के लिए नियमित उपासक छोटेलाल गुप्ता के परिवार द्वारा दिए गए आमंत्रण पर ननावद गांव के बालाजी के मंदिर पर गीता पाठ करने पहुंचे सत्संगियों की उपस्थिति ने माहौल को धर्ममय बना दिया। रविवार की सुबह श्योपुर खंड के ग्राम ननावद के लिए प्रातः 8 बजे नपा भवन के सामने से बस में सवार हुए गीता भवन के उत्साही सत्संगी। श्री गीता रामायण सत्संग समिति के अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल व मंत्री संजय गुप्ता की अगुवाई में पहुंचे जहां स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ मिलकर सामूहिक गीता पाठ आयोजन हुआ।

### कराहल आदिवासी विकासखंड मुख्यालय पर हुआ आयोजन

# लोकोत्सव के पहले दिन लहंगी, मयूर बरेदी नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल पर दो दिवसीय लोकोत्सव के पहले दिन लोक गायन तथा लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति हुई। सीडब्ल्यूसी परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा पारंपारिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल के तत्वाधान में जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित लोकोत्सव के प्रथम दिन ज्ञानसिंह शाक्य एवं उनकी टीम द्वारा लांगुरिया गायन की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही मयंक यादव एवं उनके साथी द्वारा बरेदी नृत्य,रश्मि और उनकी टीम द्वारा मयूर नृत्य तथा हसमुख राय भट्ट एवं उनकी टीम द्वारा मणियारों रास की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। इसके साथ ही श्योपुर जिले के प्रसिद्ध लहंगी नृत्य की शानदार प्रस्तुति रामलखन एवं उनके साथियों द्वारा दी गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम बीएस श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन तथा कलाकारों के साथ की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया,महेश भारद्वाज, बीईओ कराहल प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# धान से भरा ट्रक पलटा,क्लीनर घायल, चालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आवदा थाना क्षेत्र स्थित गोरस आवदा रोड पर पनार गांव के मोड पर धान से भरा एक ट्रक पलट गया। जिसमें दबकर ट्रक का ही क्लीनर घायल हो गया। जिसे पुलिस के द्वारा इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया और इस हादसे के लिए जिम्मेदार ट्रक के ही चालक पर केस दर्ज भी कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बीते रोज एक ट्रक कराहल मंडी से धान भरकर कोटा के लिए जा रहा था,जब यह ट्रक आवदा गोरस रोड पर पनार गांव के मोड पर था,तभी यह ट्रक मोड पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक में सवार क्लीनर विष्णु राव जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया और क्लीनर की रिपोर्ट पर ट्रक चालक दीन दयाल राव निवासी बडौदा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### श्योपुर जिले में दबे पांव बढ़ता जा रहा एड्स का दानव

# 19 साल में श्योपुर के 339 लोगों को एड्स ने जकड़ा, 66 को सुला दिया मौत की नींद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भलेही प्रदेश में श्योपुर जिले की गिनती पिछले जिलों के रूप में होती हो,लेकिन यहां एड्स जैसी गंभीर बीमारी दबे पांव बढती जा रही है। हालांकि एड्स की रोकथाम के लिए राज्य एड्स नियंत्रण समिति की गाइडलाइन के अनुसार कई तरह की कवायदे की जा रही है,मगर इसके बाद भी गुजरे 19 सालों के दौरान श्योपुर जिले के 66 लोगों की जान एड्स ने ली। जबकि जिले के 339 लोग एड्स की गिरफ्त में आ गए है। जिन्हें उपचार की उपलब्धता स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कराई जा रही है। विशेष बात यह है कि एड्स के कारण जिन 66 लोगों की जान गई है,उनमें 43 पुरूष, 18 महिलाओं के साथही 2 बालिका और 3 बालक भी शामिल है। डॉक्टरों की माने तो एचआईवी वायरस द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता नष्ट होने के पश्चात एड्स होता है।

श्योपुर जिले में एड्स किस तरह बढ रहा है,इसकी सच्चाई स्वास्थ्य विभाग के 19 साल के आंकडे बयां कर रहे है। वर्ष 2006 से 2025 तक श्योपुर जिले में 339 एड्स पॉजिटिव मरीज सामने आए है। जिनमें से 66 लोगों की मौत भी हो गई। हालांकि शेष मरीजों का इलाज अभी चल रहा है, लेकिन जिले में धीरे-धीरे पैर पसार एड्स न केवल जिले के लोगों के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है,बल्कि उन प्रयासों पर भी सवाल खडे हो रहे है जो प्रयास सरकार के द्वारा श्योपुर जिले में एड्स की रोकथाम के लिए किए जा रहे है। बताया जा रहा है कि श्योपुर जिले में बढते एड्स के ग्राफ को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए सघन जागरूकता अभियान जैसे विशेष कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे है। वर्ष 2024 से आरंभ हुए सघन जागरूकता अभियान के दौरान इस साल भी 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक जिलेभर में एड्स के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।




### नशा भी बढ़ा रहा एड्स रोगी

जिले में एड्स जैसी गंभीर बीमारी के बढने के पीछे एक कारण नशा भी है, क्योंकि इंजेक्शन के जरिए नशा करने वाले लोगों की संख्या श्योपुर में बढ़ती जा रही है, नशा करने वाले लोग जो एक-दूसरे का इंजेक्शन का प्रयोग नशा करने के दौरान कर रहे हैं, जिससे वे संक्रमित हो रहे हैं। बीते कुछ सालों में ऐसे मामले सामने आए है। इसलिए जिले का स्वास्थ्य विभाग का अमला जेल में पहुंचकर भी जांच शिविर लगा रहा है। क्यांकि नशे से ग्रसित लोगों को पुलिस पकडने के बाद जेल भेज देती है।

### इलाज से जिंदा बचे हैं 239 लोग

श्योपुर जिले में 239 लोग वर्तमान में ऐसे है, जो एड्स से पीडित बने हुए और उनकी जान एड्स को लेकर चल रहे इलाज के भरोसे बची हुई है। जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.यतेंद्र रावत ने बताया कि जांच के दौरान जो भी रोगी एड्स पॉजीटिव पाए जाते है,हम उनका इलाज शुरू कर देते है। वर्तमान में 239 लोग एड्स पॉजीटिव है। जो कि इलाज के भरोसे जिंदा बचे हुए है। इन्हें इलाज न मिलने पर इनकी जान भी जा सकती है,इसलिए हमारी टीम सभी पॉजीटिव लोगों पर नजर रखते है कि वे बराबर एड्स की दवाईयां खा रहे है।

### इनका कहना है..

उपचार के दौरान दवाईयों से मरीज के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है साथ ही जीवन का समय भी बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान में जिले के पॉजिटिव मरीज एआरटी सेंटरों से दवा खा रहे हैं। एड्स की रोकथाम के लिए सघन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

**डॉ यतेन्द्र रावत**
**नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम श्योपुर**

### प्रिंसिपल नरेंद्र जाट को सेवा निवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

# रिटायरमेंट शासकीय सेवक के लिए आवश्यक हिस्सा: मधु शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हर कर्मचारी के लिए रिटायरमेंट शासकीय सेवा का जरूरी हिस्सा है। जो भी व्यक्ति शासकीय सेवा में आता है उसे एक दिन सेवा से निवृत होना पड़ता है पर जो लोग अच्छे काम करते हैं वह सेवा निवृत्ति के बाद भी लंबे समय तक याद किए जाते हैं। नरेंद्र सिंह जाट ऐसे ही अच्छे शासकीय सेवक हैं जिनकी सेवाओं के चलते जिले में शिक्षा का स्तर हमेशा ऊंचा रहा। इसकी कमी शिक्षा विभाग हमेशा खेलेगी। यह बात खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने सांदीपनि विद्यालय बडौदा के प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह जाट की सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई पार्टी में संबोधन देते हुए कही।

श्योपुर जिले के बड़ौदा स्थित सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र सिंह जाट को सेवानिवृत्त होने पर उनके स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई समारोह आयोजित कर दी। कार्यक्रम में पहुंची ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने नरेंद्र जाट को जिले के उत्कृष्ट प्रिंसिपल प्रिंसिपलों में शामिल होना बताते हुए कहा कि वह जिस विद्यालय में रहे उस विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम हमेशा अच्छा रहा वह जिले के ऐसे प्रिंसिपल रहे जिनकी परीक्षाओं के चलते कभी कोई चेतावनी वरिष्ठ कार्यालय से नहीं दी गई उनके अच्छे व्यवहार और अनुभव की वजह से जिले के शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का भी मान सम्मान बढ़ता रहा। इस दौरान स्टाफ ने उन्हें उनकी पत्नी को व परिजनों को भी माला पहनकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीआरसी श्योपुर हरिशंकर बाथम भी बतौर अतिथि मंचासीन थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से फसल को नुकसान पहुंचाया

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी रामकृष्ण दास बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अभिराम यादव निवासी गता ने फरियादी के रांकड़ वाले खेत सेमरा मौजे में जमीन पर जबरन कब्जा किया और खेत में खडी तेवड़ा व सरसों की फसल पर ट्रेक्टर से जोतकर नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गता निवासी संजीव जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ब्रदीप्रसाद, जगदीश और अमित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मारौन निवासी रंजीत रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्लू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### खंभे पर काम करते करंट लगने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम बरखाना निवासी श्रीपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पवन पुत्र तोताराम यादव उम्र 27 साल निवासी ग्राम पृथ्वीपुर मजरापटटी थाना सिरौली जिला बरैली उत्तरप्रदेश परासरी पिपरई रोड पर राजभान यादव के खेत के पास लगे खंभे पर लाइट का काम कर रहा था। तभी बिजली के खंभे पर लाईन कस्ते समय अचानक करंट लग जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के कचनार थाने की पुलिस ने मातामढ़ मोहल्ला वार्ड क्र 14 अशोकनगर निवासी राहुल यादव को माधौगढ़ तिराहा विदिशा रोड पर हाथ भटटी की कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार ईसागढ़ पुलिस ने बानोरा निवासी सग्राम सिंह यादव के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की सेहराई पुलिस ने अचलगढ़ निवासी कल्लू अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### खेत में काम करते समय युवक का लगा करंट

**अशोकनगर।** सिट कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय छैलाबाग निवासी रंजीत लोधी पुत्र दीवान सिंह उम्र 39 वर्ष को करंट लगने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां युवक का उपचार किया जा रहा है। परिवारजनों ने बताया कि वह खेत में काम कर रहा था तभी उसे करंट लग गया। करंट की सूचना मिलने पर तुरंत युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में युवक का उपचार जारी है।

### जिले को एनएफएल यूरिया की रैक प्राप्त हुई

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को एन.एफ.एल. कंपनी की यूरिया की रैंक प्राप्त हुई है। रैक से 2213 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। डबललॉक केन्द्र अशोकनगर को 250 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली को 200 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई को 200 मे.टन, डबललॉक केन्द्र ईसागढ़ 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र नईसरायं 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र चन्देरी 100 मे.टन, एम.पी. एग्रो अशोकनगर 93 मे.टन यूरिया प्रदाय किया गया है।

### भगवान के माता-पिता की गोद भराई की

**अशोकनगर।** महिला जैन मिलन अशोकनगर द्वारा पंचकल्याणक में बनने वाले भगवान की माता-पिता की गोद भराई कार्यक्रम जैन भवन में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें महिला जैन मिलन की बहनों ने बहुत ही धूमधाम से प्रोग्राम किया प्रोग्राम के बाद महिलाओं ने सुंदर-सुंदर गेम खेलें।

---

### परिवार गुना से टीकमगढ़ शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था

# ईसागढ़-चंदेरी मार्ग पर कार पेड़ से टकराई पति की मौत, पत्नी समेत 2 बेटे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार की सुबह एक कार हादसे का शिकार हो गई। यह घटना सुबह तब हुई, जब गुना निवासी राजेश जैन पुत्र वीरेन्द्र कुमार जैन उम्र 48 वर्ष अपनी पत्नी और बच्चों के साथ टीकमगढ में अपनी ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी ईसागढ़ चन्देरी मार्ग पर ग्राम माहौली के समीप कार एक पेड़ से टकरा गई। इस घटना में कार चला रहे राजेश जैन की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवारजनों को वाहन से बाहर निकाला गया। इस घटना में वाहन चला रहे राजेश जैन जो रूपश्री परिवार गुना के निवासी हैं और पुरानी गल्ला मण्डी के पास निवास करते हैं उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में उनकी पत्नी मीनू जैन उम्र 44 साल के सिर में चोटे आईं हैं तथा उनके दो पुत्र शोमिल जैन उम्र 19 साल और शोर्य जैन उम्र 16 को जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही गुना से परिवार जन अशोकनगर पहुंचे। मीनू जैन को डाक्टरों द्वारा गंभीर रूप से घायल होने के कारण उपचार के लिए भोपाल रैफर किया गया है।







इस घटना में घायल दोनों पुत्रों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा था, बाद में उन्हें उपचार के लिए परिवारजन अपने साथ गुना ले गए। इस घटना में मृतक राजेश जैन का पोस्टमार्टम अशोकनगर जिला अस्पताल में किया गया। इस घटना से अशोकनगर और गुना में शौक छा गया। मृतक राजेश जैन गुना के प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे। जिसके बाद राजेश जैन का अंतिंम संस्कार गुना में किया गया।

**जिले में 4 अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आए-** जिले में सड़कों पर यातायात का दबाव बढ रहा है वाहन बड़े हैं सड़के अच्छी हुई हैं जिसके कारण वाहन तेज गति से चल रहे हैं। जिसका परिणाम सड़क दुर्घटनाओं के रूप में सामने आ रहा है। ऐसे ही 4 सड़क दुर्घटनाओं के मामे सामने आए हैं।

**कार की टक्कर से युवक घायल-** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी दिनेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी04 जेड2037 कार के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी के लड़के रविकांत शर्मा को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

**कार की टक्कर से ग्रामीण घायल-** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम गदूली निवासी साविर मोहम्मद उम्र 50 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामनगर रोड चंदेरी पर अज्ञात कार के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। कार का नबंर एमपी07 सीएच6847 है।

**ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी युवक घायल-** इसी प्रकार देहात थाने के अंतर्गत ग्राम टोरिया थाना इंदार जिला शिवपुरी निवासी सोनू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रक क्रमांक आरजे 11जीसी 1548 के चालक ने सेन तिराहे के पास विदिशा वायपास रोड पर अपने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

**ट्रैक्टर की टक्कर से महिला घायल-** इसी प्रकार नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम गढला गिर्द जिला गुना निवासी भैया साहब आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रेक्टर चालक निवासी कालाबाग ने डुंगासरा रोड पर ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की पत्नी सखी बाई आदिवासी को टक्कर मार दी। घटना के बाद पहले महिला उपचार के लिए गई उसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

---

## पुनः अपराध करने पर जमानत की गई निरस्त, भेजा गया जेल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

थाना नईसराय द्वारा मुस्कान अभियान अंतर्गत नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में जमानत पर रिहा आरोपी द्वारा पुनः अपराध किए जाने पर पूर्व प्रकरण की भी जमानत निरस्त कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।

उल्लेखनीय है कि थाना नईसराय में 02.06.2024 को दर्ज अपराध में आरोपी सुनील प्रजापति पिता सुखलाल प्रजापति उम्र 22 वर्ष निवासी म्याना जिला गुना को न्यायालय द्वारा दिनांक 23.08.2024 को सशर्त जमानत पर रिहा किया गया था। जमानत अवधि में आरोपी द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर 24 नबंवर को पुनः अपराध किए जाने पर थाना नईसराय में अपराध क्रमांक 206/2025 धारा 115(2), 296(ए), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आरोपी की जमानत निरस्तीकरण हेतु त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी नईसराय उनि. पुनीत दीक्षित द्वारा 25 नबंवर को न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय द्वारा 25 नवंबर 2025 को जमानत निरस्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। गिरफ्तारी वारंट के पालन में थाना नईसराय पुलिस 28 नवंबर 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

---

## एसआईआर के कार्य में जिला प्रथम आने पर 275 बीएलओ, 28 सुपरवाइजर का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जिला अशोकनगर प्रदेश और देश में प्रथम आने पर शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर के 275 बी.एल.ओ. तथा 28 बीएलओ सुपरवाईजर को पुष्पाहार पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि एस.आई. आर. कार्य में बेहतर प्रदर्शन कर इस जिले का नाम रोशन करने वाले सभी बी.एल.ओ. प्रशंसा के पात्र हैं। उनकी मेहनत एवं लगन का नतीजा है कि जिला अशोकनगर पूरे मध्यप्रदेश में नंबर एक पर रहकर शत प्रतिशत कार्य समय से पूर्व पूर्ण किया। आपका यह कार्य जीवन भर सभी को यादगार रहेगा। निर्वाचक आयोग द्वारा भी प्रशंसा की गई है। उन्होंने सभी बी.एल.ओ. तथा बी.एल.ओ. सुपरवाईजर को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएनसिंह, एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्दु यादव, इलेक्शन सुपरवाईजर रज्जाक खान उपस्थित थे।

---

## पूर्व सरपंच के यहां चोरों का धावा परिवार की सक्रियता से टली घटना

**अशोकनगर।** नईसराय कस्बे के निचला बाजार स्थित हवेली में रहने वाले पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन के घर शुक्रवार शनिवार की रात दो से तीन बजे के बीच चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों की संख्या दो से अधिक बताई जा रही है।

चोर हाथों में लोहे की रॉड लिए थे। चोरी की भनक जैसे ही परिवार के सदस्यों को लगी तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। सूचना मिलने के पांच मिनट बाद ही पुलिस के दो वाहन मौके पर पहुंचे। जिससे चोर भाग गए। हालांकि, इस दौरान उन्होंने अलमारी में रखी लगभग तीस हजार के जेवर और नकदी चोरी कर ली। नईसराय के पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन कस्बे के निचला बाजार स्थित अपने पैतृक घर में निवास करते हैं। पूर्व सरपंच ने बताया कि, आम दिनों की तरह उनका परिवार शुक्रवार रात 10 बजे खाना खाकर सो गया। रात दो से तीन बजे आहट पाकर उनकी नीद खुली तो पास वाले कमरे का ताला कटा पड़ा मिला साथ ही दो लोग कमरे की अलमारी खंगालते नजर आए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया और शोर



मचा दिया। शोर सुनकर अन्य परिजन जाग गए। जिससे चोर भाग गए। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तलाशी में जुट गई। जहां ताला काटने का औजार मिला। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन ने बताया कि, चोर कोई बड़ी घटना कर सकते थे। लेकिन थोड़ी सी सक्रियता से बड़ी घटना टल गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


---

## सिंधिया के काफिले के पीछे चल रही अधिकारी की जीप टकराई, अधिकारियों को आंशिक चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के गुना रोड स्थित जीके मैरिज गार्डन के पास सिंधिया के काफिले के पीछे चल रही 3 जीप एक-दूसरे से टकरा गईं। आगे चल रही फॉरच्यूनर में अशोकनगर एसडीओपी की गाड़ी टकरा गई, उसके पीछे आ रही अशोकनगर तहसीलदार भारतेंदु यादव की गाड़ी भिड़ गई।

हालांकि सिंधिया का काफिला आगे बढ़ता चला गया। इस घटना में एसडीओपी विवेक शर्मा सहित अन्य लोगों को मामूली चोटें लगीं हैं। जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में किया गया। घटना के बाद वाहनों को सड़क से हटाया गया। वाहन आगे और पीछे से छतिग्रस्त हुए हैं। यह घटना शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे की है। कुछ लोग सिंधिया के स्वागत के लिए खड़े थे तभी अचानक ब्रेक लगाने के कारण यह घटना हुई। दरअसल केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चंदेरी से टेंट सिटी का शुभारंभ के बाद गुना के लिए लौट रहे थे, इसी दौरान



उनकी गाड़ियां कारकेट में चल रहीं थीं। शनिवार की दोपहर पूरे दिन एसडीओपी आफिस में हमेशा की तरह काम करते हुए मिले।

---

## बोरी बंधान तैयार, समिति से पानी पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अशोकनगर की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्तुत समिति जुगया के संयुक्त प्रयास से ग्राम जुगया में 15 नवंबर से 30 दिसंबर तक चलने वाले जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम में बोरी बंधान तैयार किया गया।

इस पहल का उद्देश्य बहते जल को रोक कर किसानों और ग्रामीण और पशुधन के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करना है मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने कहा कि बोरी बंधान जल संरक्षण का सबसे सरल और प्रभावी तरीका



है। इससे सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा और जल स्तर में सकारात्मक सुधार होगा। ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की गांव का विकास जल संरक्षण से ही संभव है। यह बंधान आने वाले समय में पूरे गांव के लिए बड़ा सहायक सिद्ध होगा।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुगया की बैठक भी संपन्न हुई प्रस्फुटन समिति ग्राम जुगया में बैठक के दौरान जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान ने ग्राम विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य बिंदु ग्राम में स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनने पर चर्चा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान किसानों को जैविक कृषि अपने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने तथा समिति सदस्यों को ग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने की सलाह दी गई।

बैठक में ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव नवांकुर संस्था अक्षर पीठ से सिद्धांत नायक मैटर्स अरुण जैन प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र नरेंद्र बंजारा हटे सिंह बंजारा श्याम बंजारा संजीव जितेंद्र हरिओम नायक रामकृष्ण सिंह सेन, शिवलाल बंजारा, धर्मेंद्र नायक, आनंदपुर भगवत सिंह बंजारा एवं समिति के सभी सदस्य व छात्र आयुष सोपरा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

---

### सुधासागर महाराज ने थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित किया

# जो जेष्ठ श्रेष्ठ है उनके लिए विशेषण लगाना सीखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज ने थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी दृष्टि में क्या है जो आपकी दृष्टि में जेष्ठ श्रेष्ठ है उनके लिए विशेषण लगाना सीखें यही तो कला है। हम उस स्थान विशेष से भी विशेषण लगाकर एनर्जी प्राप्त कर सकते हैं हमें विशेषण कहा लगाना है सीखकर उससे जो कुछ भी लेना चाहते हैं वहां से आप ले। आपके लिए एनर्जी मिलना प्रारंभ हो जायेगी जो सर्वेनाश करने की क्षमता रखता हैं उसकी पूजा होने लगती है तो वह भी नकारात्मक से सकारात्मक हो जाता है।

उन्होंने कहा कि यह प्रकृति की विशेषता है जब किसी के साथ विशेषण लग जाता है तो वह पावर





फुल हो जाता है जैसे सीता राम राम के साथ सिया को जोड़ दिया तो आपको शक्ति सम्पन्न राम की कृपा मिलेगी। एक विशेषण लगा दिया वहीं मांगलिक हो जाती है जिनेन्द्र के साथ जय लगाकर जय जिनेन्द्र करते ही आपको उससे विशेष उपलब्धि होगी।

**यहां हर स्त्री को माता बहन बोला जाता है** उन्होंने कहा कि जब किसी के साथ विशेषण लग जाता है तो वह विशेषता को प्राप्त हो जाता है। हमारे देश को भारत माता कहा जाता है इसलिए भारत महान है यहां हर नारी में मां दिखती है वह भारतीय संस्कृति है और जो मां में भी नारी देखता है, वह पश्चात्य संस्कृति है। यही विशेषता भारतीय संस्कृति को दुनिया से अलग बनाकर विशेष स्थान दिलाती है। स्त्री को मां कहने में कोई बुराई नहीं लेकिन मां को स्त्री कह दिया तो बहुत ग़लत हो जायेगा।

इस अवसर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज हमारे बीच मानव सेवा में समर्पित पीड़ति मानवता की सेवा में काम करने वाले सभी साथी चुनकर आए हैं जिनमें चेयरमैन डॉ जयमंडल यादव, वाइस चेयरमैन राजीव जाट, पूर्व चेयरमैन डॉ दीपक मिश्रा, मनीष वरखेडा, संजय रधुवंशी सहित सभी का दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के ओर से हार्दिक अभिनन्दन करता हूं। इस दौरान दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद सहित अन्य प्रमुख जनों ने सभी का पीत वस्त्र पगड़ी मालाओं से स्वागत किया।

**सेवा करने का मौका मिला है तो हम अपनी पूरी शक्ति लगाएंगे-डॉ. जय मंडल** इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के नव निर्वाचित चेयरमैन डॉ जयमंडल यादव ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव सेवा का संकल्प लेकर हम सब आपके चरणों में आयें थे और आपके आशीर्वाद से सभी को सेवा का मौका जनता ने भारी बहुमत से दिया। रेड क्रॉस सोसायटी का मुख्य कार्य आपत काल में चिकित्सा सेवा के साथ के साथ ही पिड़ति मानवता की सेवा करना है।

---

## परेशान सब्जी विक्रेता ने बेटे सहित स्वयं के ऊपर डाला पेट्रोल

**बीना।** नगरपालिका द्वारा सब्जी विक्रेताओं को सर्वोदय चौराहा, अंबेडकर चौराहा क्षेत्र से हटाकर खुरई रोड ओवरब्रिज के नीचे शिफ्ट किया गया था। जिससे परेशान एक सब्जी फल विक्रेता ने रविवार को सर्वोदय चौक पर खुद पर एवं अपने बेटे पर पेट्रोल डाल कर आग लगाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार सब्जी फल विक्रेता निर्मल साहू पिता दुर्जन साहू उम्र 40 साल खिमलासा रोड पर सब्जी-फल बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। लेकिन नपा के द्वारा 2 दिन पहले सर्वोदय चौक एवं खिमलासा रोड पर संचालित दुकानों को खुरई रोड स्थित ओवर ब्रिज के पास शिफ्ट किया गया था। जहां पर उसकी बिक्री प्रभावित होने से वह रविवार को अपने परिवार के साथ सर्वोदय चौक पहुंचा और स्वंय एवं अपने 13 वर्षीय पुत्र पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। पेट्रोल के कारण निर्मल साहू और उसका बेटा पूरी तरह भीग गया।

स्थिति को भापते हुए मौके पर मौजूद लोगों ने उसे रोका और पुलिस को सूचना दी। सूचना लगते ही थाना प्रभारी अनूप यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस ने निर्मल के पुत्र को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। निर्मल साहू ने बताया कि उस पर कर्ज है। वह स्टेट बैंक के सामने रोजाना सब्जी फल की दुकान लगाकर अपने परिवार का गुजारा करता था। लेकिन शनिवार से नगरपालिका द्वारा सब्जी विक्रेताओं को सर्वोदय चौराहा अंबेडकर चौराहा क्षेत्र से हटाकर खुरई रोड ओवरब्रिज के नीचे शिफ्ट कर दिया गया है। निर्मल का आरोप है कि ओवरब्रिज के नीचे पूरे दिन बैठने के बाद भी 20 रुपए की भी सब्जी नहीं बिकी। ऐसे में परिवार का भरण पोषण एवं कर्च चुकाना संभव नहीं है।